# J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR

*(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)*

***Estd. 1955*** ***Ph. No. 0132-2763344***


पत्रांकः—का0अ0 / 1066 / 2025—26 दिनांक : 09.01.2026

ई—मेल / व्हाट्एप एवं हस्तगत् / स्पीड पोस्ट द्वारा

## कार्यालय आदेश

तत्कालीन कार्यवाहक प्राचार्य, प्रो0 हरि ओम गुप्ता द्वारा नियम विरूद्व कृत्य कारित करते हुए श्री विजय कुमार पुण्डीर, कैटालागर (तृतीय श्रेणी कर्मचारी) को प्रभारी पुस्तकालय नियुक्त किया गया था, जबकि किसी भी तृतीय श्रेणी कर्मचारी को शिक्षक स्तर के कार्य का प्रभार नहीं सौंपा जा सकता क्याकि नवीनतम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के अनुरूप पुस्तकालय अध्यक्ष का पद असिस्टेन्ट प्रोफेसर का पद होता है। शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा, उ0प्र0 के कार्यालय आदेश आज्ञा संख्या—शि0नि0(उ0शि0) / 24 / 2025—26, दिनांकः 02.01.2026 (प्रति संलग्न) के अनुपालन में तृतीय श्रेणी कर्मचारी श्री विजय कुमार पुण्डीर, कैटालागर को प्रभारी पुस्तकालय के पद से तत्काल प्रभाव से पदच्युत करते हुए प्रो0 संजय कुमार, भौतिकी विभाग को प्रभारी पुस्तकालय नियुक्त किया जाता है। तद्नुसार महाविद्यालय के केन्द्रीय एंव विधि पुस्तकालय में नियुक्त समस्त तृतीय एंव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रो0 संजय कुमार, प्रभारी पुस्तकालय के निर्देश / आदेश के अनुसार कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करेगें तथा श्री विजय कुमार पुण्डीर, कैटालागर पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर कैटालागर पद के कार्य के अतिरिक्त अध्ययन कक्ष को संचालित करने का कार्य सुनिश्चित करेगें। प्रो0 संजय कुमार से अपेक्षा है कि वे महाविद्यालय के समस्त पुस्तकालयों के उत्थान एवं उन्नति के लिए सर्वोत्तम कार्यशैली का प्रयोग करना सुनिश्चित करते हुए पुस्तकालयों को अद्वितीय बनाने का प्रयास करेगें। प्रो0 संजय कुमार को वे समस्त भुगतान देय होगें जो प्रभारी पुस्तकालय को प्रदत्त किये जाते है। प्रो0 संजय कुमार की अनुपस्थिति में प्रो0 लोकेश कुमार, समन्वयक, स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम कार्यवाहक प्रभारी पुस्तकालय के रूप में कार्य करेगें। कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाय।

तद्नुसार समस्त सम्बन्धित द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

संलग्नकः— उपरोक्तानुसार।

09/1/2026

**(प्रो0 वकुल बंसल)**
**प्राचार्य**

PRINCIPAL
J.V. JAIN COLLEGE
SAHARANPUR

**<u>सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित</u> :—**

01. शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, माधव पुरम, मेरठ।
03. कुलसचिव, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
04. श्रीमान सचिव, प्रबन्ध समिति, जे०वी० जैन कॉलेज, सहारनपुर।
05. प्रो0 प्रवीण कुमार, समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0।
06. प्रो0 हरि ओम गुप्ता, प्रभारी, वाणिज्य विभाग।
07. प्रो0 संजय कुमार, प्रभारी, भौतिकी विभाग।
08. श्री विजय कुमार पुण्डीर, कैटालागर।
09. प्रो0 परविन्द कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता।
10. श्री सौरभ जैन, कार्यवाहक बर्सर— समस्त सम्बन्धित की व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।
11. डॉ0 प्रदीप कुमार जैन, का0 कार्यालय अधीक्षक— समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
12. श्री वासुदेव, लेखाकार।
13. मिस प्राची जैन—स्टैनों वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
14. महाविद्यालय के समस्त नियमित / मानदेय / स्ववित्तपोषित / अस्थायी शिक्षकों एवं महाविद्यालय के समस्त नियमित / स्ववित्त पोषित / अस्थायी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो के व्हाट्एप ग्रुप पर।

SAHARANPUR
Receipt No. 1492
Date 09/01/26

# कार्यालय, शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज

आज्ञा संख्या शि0नि0(उ0शि0)/ 24 /2025–26 दिनांक 02–01–2026

## कार्यालय आदेश

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त कतिपय महाविद्यालयों द्वारा निम्न वेतनमान में कार्यरत कार्मिकों को उच्च वेतनमान के पदों का प्रभार प्रदान कर दिया जाता है, जिसके आधार पर प्रभार प्राप्त किये हुए कार्मिको द्वारा प्रभारी पद के वेतनमान की मॉग करते हुए माननीय न्यायालयों में वाद योजित कर दिये जा रहे है, जिसके कारण सरकार पर अनावश्यक वित्तीय भार के साथ ही साथ विभाग के विरूद्ध वादों की संख्या में भी बढोत्तरी हो रही है।

उक्त के सम्बन्ध में एतद्द्वारा निर्देशित किया जाता है कि यदि किसी भी अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय में किसी भी निम्न वेतनमान के कार्मिक को उच्च वेतनमान के पद का प्रभार प्रदान किया गया हो तो उसे तत्काल प्रभाव से समान/उच्च वेतनमान पर कार्यरत कार्मिक को सौंप दिया जाय, अन्यथा की स्थिति में यदि उक्त से सम्बन्धित कोई भी वाद माननीय न्यायालय में योजित किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा।

डॉ0( बी0एल0 शर्मा )
शिक्षा निदेशक(उ0शि0)उ0प्र0,
प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्याः शि0नि0(उ0शि0)/ 2394-2745 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त नियंत्रक, उच्च शिक्षा निदेशालय उ0प्र0, प्रयागराज।
2. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. प्रबन्धक, सचिव/प्राचार्य, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय उ0प्र0।
4. श्री राघवेन्द्र सिंह, तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय आदेश को वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

डॉ0( बी0एल0 शर्मा )
शिक्षा निदेशक(उ0शि0)उ0प्र0,
प्रयागराज।

OVS
n/a
09/1/26